<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 *फरवरी* 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने रिकार्ड मतों से दर्ज की ऐतिहासिक जीतः  दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी को ढाई दशक बाद मिला प्रचंड बहुमत।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज स्थित पावन त्रिवेणी में लगाई आस्था की डुबकी। अब तक 42 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान।
- शिवरात्रि पर स्नान के लिए महाकुम्भ क्षेत्र से अखाड़ों का वाराणसी पहुंचना शुरू। आज जूना अखाड़ा के हजारों नागा साधु करेंगे काशी में प्रवेश।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी : 26 पदकों के साथ ग्यारहवें पायदान पर पहुंचा प्रदेश।

**********

अयोध्या की बहुचर्चित मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने रिकार्ड मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। चंद्रभानु ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को इक्सठ हज़ार सात सौ दस से ज्यादा वोटों से पराजित किया है। भाजपा प्रत्याशी को करीब 1 लाख, 46 हज़ार तीन सौ सत्तानबे वोट मिले हैं, वहीं सपा के उम्मीदवार को 84 हज़ार छह सौ सत्तासी मत ही प्राप्त हुए हैं। वहीं आज़ाद समाज पार्टी के उम्मीदवार संतोष कुमार लगभग 5 हज़ार वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया।

***अयोध्या का यह परिणाम लगभग 61 हजार वोट से भारतीय जनता पार्टी के चन्द्रभानु पासवान की विजय इस बात को प्रमाणित करती है कि जनता जर्नादन का विश्वास डबल इंजन की भारतीय जनता पाटी की सरकार और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में है मैं चन्द्रभानु पासवासन के विजयी होने पर भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दलों के सभी पदाधिकारियों को अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करता हूं और उन्हें इस बात के लिये आश्वस्त करता हूं कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने डबलइंजन की भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है उनकी अपेक्षाओं पर डबल इंजन की भारतीय जनताा पार्टी सरकार खरा उतरेगी।***

परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा प्रत्याशी ने मतगणना स्थल पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर श्री पासवान ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीत है। उन्होंने कहा कि अब मिल्कीपुर की जनता के विकास के लिए काम करना है।

***सर्वप्रथम मिल्कीपुर की सम्मानित देवतुल्य जनता के चरणों में प्रणाम करता हूं मैं वंदन अभिनंदन करता हूं, जिस तरह मोदी जी और योगी जी की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान किया और सारे रिकार्ड तोड़ दिये। इसके लिये मैं उनका आजीवन आभारी रहूंगा। वहा की जो मूलभूत सुविधायें होगी तो सम्मान अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक हर सुविधा पहुंचाने का काम करेंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को ढाई दशक के बाद मिली प्रचंड जीत के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की है। जबकि आम आदमी पार्टी को महज 22 सीटों से संतोष करना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में मिली जीत पर कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और समग्र उत्थान को समर्पित नीतियों पर दिल्लीवासियों के विश्वास की मुहर है।

***आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोक कल्याणकारी जो कार्य पिछले 11 वर्षो से निरन्तर चल रहे है उनकी विजय है अब हमारा राष्ट्रीय राजधानी भी विश्वास, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ दिल्लीवासियों को प्रदान करने में सफल होगा। अब हम कह सकते है कि मां यमुना के तट पर बसी हुई दिल्ली विकास का रसास्वादन करेगी और दिल्लीवासियों को सभी वेलफेयर स्कीम का लाभ प्रदान हो पायेगा।***

**********

प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परिवार के साथ पावन त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। श्री यादव ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

***मां गंगा, मां जमुना की कृपा है संगम का ये किनारा है तीर्थों में तीर्थ प्रयागराज सब तीर्थों का राजा है। इस समय यहां कुंभ स्नान का जो आनंद है यह कई जन्मों के पुण्य के बाद मिलता है। मेरी अपनी ओर से मध्य प्रदेशवासियों को उनके सबके बेहतरी के कल्याण के लिये खास करके युवा मित्रों के लिये बेरोजगारों के लिये, रोजगार उपलब्ध हो, जीवन खुशहल हो, सभी प्रकार के श्रेणियों के लोगों के लिये जीवन में मंगल ही मंगल हो।***

पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने भी त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। महाकुम्भ स्नान के तहत कल शाम तक एक करोड़ बत्तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं और अब तक 42 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है।

**********

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रयागराज में चल रहे खेल महाकुंभ में कल शामिल हुए। सात दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी, कुश्ती, खो–खो, तीरंदाजी, और योग जैसे खेलों को शामिल किया गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार की प्राथमिकता, पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है, और वह इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई भारतीय पारंपरिक खेलों में, ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होने की क्षमता है।

**********

महाकुम्भ मेला क्षेत्र से लौटने वाले श्रद्धालु और अखाड़ों के साधु–संतों ने वाराणसी पहुंचना शुरू कर दिया है। जूना अखाड़ा के हजारों नागा साधु आज काशी में प्रवेश करेंगे। इसको लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैयारियां पूरी कर रहे हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों की अधिक संख्या के मद्देनज़र भी प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए हैं।

***आज इनका बनारस में नगर प्रवेश हो रहा है उसके लिये लगभग दो हजार की संख्या में नागा साधु जूना अखाड़ा के यहां पर आयेंगे। उसी का पूरा इंतजाम आज सभी प्रशासनिक अधिकारी यहां पर देख रहे है, उसके लिये रूट निर्धारित किया जा रहा है और हम लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि रूट पर किसी भी तरह का व्यवधान उनको न मिले, ताकि जो आम पब्लिक है उसको भी किसी तरह का दिक्कत न हो, इसलिये रूट डायवर्जन की प्लांनिंग की जा रही है।***

**********

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल नोएडा में भारतीय कला इतिहास कांग्रेस के 32वें सत्र का उद्घाटन किया। संस्कृति मंत्रालय के तहत 10 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाला ये सम्मेलन कला और संस्कृति में भारतीय महाकाव्यों का प्रतिपादन विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महाकाव्यों पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों के विविध रूपों को उजागर करना है। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि हमारे महाकाव्यों ने देश ही नहीं दुनिया को जीवन जीने की कला बताई है।

**********

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में 26 पदकों के साथ प्रदेश ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 10 रजत और 7 कांस्य पदक हासिल किए हैं। कबड्डी, आर्चरी, ताईक्वांडो, वूशू और योगासन में प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि वेट लिफ्टिंग, वूशू, रोइंग, योगासन, बॉक्सिंग और आर्चरी में रजत पदक हासिल हुए हैं। हैंडबॉल, वुशू, स्क्वाश, योगासन और ताईक्वानडो में राज्य के खाते में ब्रॉज़ मेडल आए हैं। इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश के खेल जगत में खुशी की लहर है।

**********

केंद्र सरकार ने देश को वर्ष 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। ऐसे में कल से 28 फरवरी तक प्रदेश के 14 जनपदों के 45 ब्लॉक में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा।